NCC 36 झारखंड बटालियन

गुरु नानक कॉलेज धनबाद (6/36 coy)

कैंप EBSB-2 (मोतिहारी, बिहार) ,

दिनांक 27/10/2023 से 6/11/2023 तक

नेशनल कैडेट कोर (NCC) द्वारा बिहार और झारखंड स्तर पर आयोजित दस दिवसीय राष्ट्रीय कैंप EBSB-2 का आयोजन बिहार के मोतिहारी में दिनांक 27/10/ 2023 से 06/11/2023 तक आयोजित किया गया। जिसमें बिहार और झारखंड से एनसीसी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कैडेटों ने हिस्सा लिया। इस कैंप में अवसर प्राप्त करने से पहले CATC जैसे कठिनाई भरे कैंपों को सफलतापूर्वक पूर्ण करना पड़ता है। जिसमें 36 झारखंड बटालियन के नेतृत्व में कंपनी नंबर 6/36 एनसीसी गुरु नानक कॉलेज, धनबाद के पांच कडेटों ने शिरकत किया। मोहम्मद मिस्बाह उल हसन, इंद्रजीत मोदक, आदिल खान, गौरव देव, अभिजीत महतो ने EBSB-2 कैंप में ट्रेनिंग के दौरान निरंतर संघर्षों से जूझते हुए सफलतापूर्वक कैंप को पूर्ण किया तथा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर महाविद्यालय का नाम रौशन किया। महाविद्यालय के एनसीसी ऑफिसर कैप्टन संजय सिंह ने कडेटों की सराहना की तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर संजय प्रसाद ने सभी कैडेट की भूरि- भूरि प्रशंसा करते हुए, इस गौरवान्वित क्षण पर साधुवाद किया तथा जीवन में निरंतर ऐसी सफलताप्राप्त करने की शुभकामनाएं दी। प्राचार्य ने पूर्व में भी प्राप्त ऐसी कई सफलताओं पर ध्यान आकर्षित कराते हुए कैडेटों का उत्साहवर्धन किया ताकि एक सशक्त राष्ट्र का निर्माण हो।

NCC
62 mm MAG 2A1